वर्धा म बिजली टूटी माना नभ मण्डन सब छिन्न भिन्न हो गया। जिसे देखिये उसी के चेहरे पर आशामयी निराशा। जिससे सुनिये उसी के मुहँ से उत्साहपूर्ण दुःख की कथा। हमारा प्यारा हमारा पूज्य हमारा नेता सरकार का बंदी और भारतमाता का स्वतन्त्र बेटा आज की किसी गाड़ी से यहां से होता हुआ खिचता जायगा। उसके दर्शन करगें यही उत्सुकता सब के दिलो म हिलोर मार रही थी। शहर कांग्रेस कमेटी के विज्ञापन पटो पर शहर मे स्थान स्थान पर लिखा गया था कि अजमेर मे प० अर्जुन लाल सेठी सिवनी के वारण्ट पर 124 153 धाराओ म पकडे गये ह। सख्त गरमी होन हुये भी दुपहर की गाडी म आये रहे। स्टेशन से लोग निराश लौटे। ठीक समाचार भी मिल गया कि साम की गाडी पर आवगें। आज की साझ जल्दी आई। दिन दिन का मालूम नही हुआ आरम्भ प्रात के सूर्योदय के बाद सूर्यास्त होन देर नही लगी। सवर और साझ के सात आज इकटठे ही बजे। लोगो क झुंड के झुंड शूरं क दर्शनो क लिए स्टेशन की राह पर जाते दीखने लगे। वीर की वीरता की बात करते हुय भारतीय स्वतन्त्रता क दिन का पास ही देखते हुय लोग स्टेशन पर आ रह थ। स्टेशन बात की बात म हजारो लोगो स भर गया। स्वयं सेवको के प्रबन्ध म जनता ऐसी व्यवस्थित थी कि पुलिस के डंडे के जोर पर भी वैसी व्यवस्थित न हुइ होगी गाडी की प्रतिक्षा म भी कर्मवीर की कर्मयात्रा क अध्यायो का पाठ हो रहा था। ऐसे दिनों तक तो गाडी वैसी ही लेट हुआ करती है फिर इस समय तो हर एक मिनट घटे की तरह गुजर रहा था। प्लेट फार्म के एक खुले स्थान पर मेज पर कुर्सी रख कर व्याख्यान का स्थान तयार कर लिया गया। गाडी क आने ही वन्देमातरम् भारत माता की जय गांधी जी जय प० अर्जुनलाल सेठी की जय आदि जय जयकारो म स्टेशन गूंज उठा तीसरे दर्जे की खिडकी से मुह बाहर किये वह धीर शूर कर्मवीर पंडित गाण्डीव धन्वा मुस्करा रहा था। उसकी धीमी धीमी मुस्कराहट कह रही थी कि तुम्हारे लिए ही जाता हूँ। तुम्हे स्वराज्य दिलाने जाता हू अब तुम्हे भी प्राप्त कराऊगा। लोगो के हृदय प्रेम भक्ति और श्रद्धा क मारे उछल उछल कर गाडी के डब्बे म अपने प्यारे नेता को लिपट जा रहे थे उनके चरणो म माथा टेक

कर शुभाशीर्वाद की नामना उतावला बना रही थी शीश झुकाकर माता के प्यारे और अपने हृदय के वन्दनीय के मुह से शुभ सदेश सुनने के लिये प्रत्येक हृदय तरस रहा था। स्वाधीनता के पुतले को वदी होते हुए भी स्वाधीन देख कर प्रत्यक दिल इसी स्वाधीनता के लिए लालायित हो रहा था। इतना सब होते हुये भी केवल रोकता था अपने नेताओ का एक शब्द कि उठ जाओ और अपनी राष्ट्रीय पुलिस का एक इशारा कि शान्ति रखख।

गाडी के दरवाजे म खडे हुए पूना और मामाओ से घिर हुये उसी सेठी के मुख म जिसने वर्धा के नाना को न मालूम कितनी बार माता की स्वाधीनता का सदेश सुनाया था निकला कि प्यारे भाइयो तुम मुझ अच्छी तरह जानते हो मैं तुम्हे जानता हूँ। मैंने अपनी आयु का एक वर्ष तुम्हारे साथ वर्धा मे काटा है इस जन्म म क्या दूसरे जन्म म भी तुम्हारी कृपा नही भूल सकता। मैं उस राजस्थान के रेगिस्तान से आ रहा हूँ जहा लोगो को पजाब के अत्याचारो का पता नही इस्लाम की उजडती हालत की कुछ भी खबर नहीं पर केवल महात्मा गाधी का नाम मालूम है। वे भी महात्मा गाधी के नाम पर मर मिटने को तय्यार है। मैं तुम्हे विश्वास दिलाता हू कि महात्मा गाधी मे ईश्वरीय विभूति है। पूरी तरह इसके पीछे चल कर इसका उपयोग ले लेना चाहिये। अब स्वराज्य तो हमारी तरफ दौडा चला आ रहा है। बस स्वदेशी वस्त्र पहिनो। काग्रेस के सदस्य बनो। उसके लिए चन्दा दो। जल को मै अच्छी तरह जानता हू। एक बार हो ही आया सरकार मुझे जानती है मैं उसे जानता हू। इन विचारो (पुलिस की ओर ईशारा करके) का भी कुछ भी कसूर नही है विचार पेट के लिए नौकर है। स्वराज्य के लिये वे भी तयार है। बस मै और क्या कहू। खूब काम करो। जल म भी मैं यही सूनू कि वर्धा के लोग पीछे नही है। श्री० सेठ जमनालाल जी ने कहा कि यह भी कह दीजिये कि आप अनशनव्रत नही करेगें। आप हँस कर बोले हा मैं तो जेल मे जाकर खूब खाऊगा पिऊगा। मैं गाधी का चेला हू। पर सच कहता हू यदि मुझ मिट्टी का मिला हुआ खाना मिला तो देखना ही पडेगा। इस समय कभी भी उपवास न करुगा।

वीर के मुख स म उपदेश बन्द हुआ कि भक्तो प्रेमियो और साथीयो का जय ध्वनि ने आकाश गुजा दिया। शूर किसका उत्तर दें किसका नही-यही सोचता होगा और लोग भी पैरो म माथा टेक कर कुछ अनिश्चित समय के लिए विदाई देन को आगे से आगे बढते थे कि गाडी ने सीटी दी। अकेले शूर को ही गाडी लेकर चल दी। हाय। हम वर्धा के वर्धा के ही स्टेशन पर रह गये।।

(5)

Arjun Lal Sethi's message to the readers of Rajasthan Kesari

श्री सेठी जी का राजस्थान केसरी के पाठको को सदेश

मुझे वर्धा से कर्मवीर अर्जुनलाल जी के साथ गाडी म बठकर वारी तक जाने का सुअवसर मिला । अन्य बात चीत म मैंने आप से पूछा कि पत्र के पाठको को मै आप का क्या सन्देश दू । आपने कहा मेरा यही सन्देश है कि महात्मा गाधी कि विभूति म भारत के लोगो का लाभ उठाने म चूक नही करनी चाहिये । हिन्दु मुसलमानो को कन्धे म कन्धा भिडाकर इस धर्मयुद्ध म लग रहना चाहियें । अहिंसात्मक भाव का पूरी तरह पालन हो इसकी इस समय बडी आवश्यकता है ।

क्या आप सफाई पेश करेंगें

मैं अभी सफाई पेश नही कर सकता । जितना जल्दी फैसला होगा उतना ही भला है फिर आपने श्री० प० सुन्दरलाल जी के पकडे जाने की अफवाह पर बडा खेद प्रकट किया ।

सत्यदेव विद्यालंकार

(About Arjun Lal Sethi s personality please see Rajputana Conspiracy Case Records published in Vol one pp 111-116)

(6)

Swami Kumaranand's Jail story This gives a vivid picture about Swami s role in freedom movement It is a story when he was arrested in Sivani

श्री स्वामी कुमारानन्द जी की कैद की कथा

(विशेष प्रतिनिधि द्वारा)

(22 अप्रल 1921 की रात को) श्री स्वामी कुमारानन्द जी 124 और 153 धाराओ के अनुसार सरकार म दोषी ठहराये जाकर वर्धा लाये गये आप के सरकारी प्रहार का वृतान्त आप के सहवासी श्री स्वामी सोमदेव जी स मैं सुनने गया तो उन्होंने इस प्रकार सुनाया ।

16 को रात को श्री स्वामी कुमारानन्द जी का और मेरा सौसर व्याख्यान हुआ। हम राममन्दिर मे ठहरे हुये थे। 17 को मध्याह्न 3॥ बजे के लगभग वहा का सब इन्सपेक्टर गंगाधर राव आया। श्री स्वामी जी को बुलाकर उसने बाप का नाम पूछा स्वामी जी ने कहा कि मै यासी बाप का नाम नही बता सकता गुरु का नाम बता सकता है। वह उन्होने बताया। सब इन्सपेक्टर ने स्वामी को इशारा करते हुये कहा कि ये बिना बाप के हैं। फिर सीटी बजाई। बहुत से सिपाही मन्दिर मे घुस पड़े और मुझे व स्वामीजी दोनो को हथकड़ी लगाकर सबइन्स्पेक्टर थाने ले जाने को तैयार था हमारे बदन पर कमीज पहनने को कहा। पीछे कमीज वहीं पहिन ली गई। बस्ती मे खलबली मच गई। 300 400 लोग आगये। जनता जय जयकार करती हुई हमारे पीछे हो ली। सबइन्स्पेक्टर बहादुर ने लोगो को पीछे लौटने के लिए रिवाल्वर तक की धमकी दिखाई। स्वयं सब इन्स्पेक्टर बहादुर ने कुछ पीटा भी खैर हम जब थाने मे पहुंचे तो हमे बताया गया कि हम 255 मे पकड़े गये है। वकील नायूरकर और मुरलीधर भाउ आये उन्हे डांट डपट कर पीटा दिया गया। शहर मे हल्ला हो गई।

रात को 12 बजे हमे कहा गया कि हम छिन्दवाड़ा जाना होगा। हम छिन्दवाड़ा ले गये। दूसरे दिन श्यामचरण वकील के कहने पर हमे 10 दिन की जमानत पर छोड़ा गया। वहा उस दिन और अगले दिन दो व्याख्यान हुये। 20 को हम फिर सौसर आये सैकड़ो लोग हम जलूस मे ले गये। इस समय एक घटना हो गई। कि मि० केरी अपनी मोटर पर आये। भीड़ बहुत थी कुछ एक के चोट लगी लोगो ने मोटर के पीछे भाग दवा केरी ने बन्दूक की धमकी दिखाई। शाम को 6 बजे छिंदवाड़ा और नागपुर से कुछ पुलिस के आदमी बुलाये गये। रात को व्याख्यान हुआ। लोगो ने मन्दिर मे जूता पहिने जाने का प्रतिवाद किया 21 को हम दोनो भिन्न स्थानो पर चले गये। स्वामी कुमारानन्द कन्करने वर्धा लाये गये।

मेरी 25 को छिन्दवाड़ा पेशी थी। छिंदवाड़ा की पुलिस ने 7 दिन का समय और लिया है। 2 मई को पेशी है।

मैं-क्या आप सफाई पेश करेंगे।

स्वामीजी नही मेरा विचार सफाई पेश करने का बिलकुल भी नही है।

मैं-क्या श्री कुमारानन्दजी कोई सफाई पेश करेंगे।

स्वामीजी—वह भी बहुत सम्भव नहा करेंगे।



Swami Kumaranand demend the reports that he ever requested for a pardon

श्री स्वामी कुमारानंद जी

वधा के लोगा म भी स्वामी कुमारानन्द जी के विषय म यह समाचार फला हुआ है कि अदालत से उन्होने क्षमा मागी है। आपन नीचे का पत्र हम भेजा ह जिसमे जनता सचाई जान सकती ह —

सम्पादक महाशय।

लोगा म ऐसी अफवाह है कि मैने अदालत से माफी मागी ह। यह बिल्कुल झूठ है मैने किसी तरह भी माफी नही मागी। माफी मागना मर लिये नामुमकिन ह। मुझे यह लिखते बडी प्रसन्नता होती है कि मै दो बार राजनीतिक मामलात म पकडा जा चुका हू और दो बार मुझ पर मुकदमा चल चुका है। महायुद्ध के समय मुझे भारत रक्षा कानून म नजर बन्द भी किया गया था देश सवा क लिये अनुभव प्राप्त करने के लिये मै जापान और चीन गया हू। इस मुकदम म मैने अदालत म एक ऐसे कागज की शत को स्वीकार कर सही किया है जिसम मध्य प्रात और बरार म एक साल व्याख्यान न देन का लिखा गया है।

आपका
स्वामी कुमारानन्द

वर्धा
19 5 21

(8)

Social work by religious sabhas in Ladnu

मारवाड

लाडनू ओसवाल हितकारिणी सभा व सविद्या प्रकाशिनी जन (सभा) सभी अच्छी उन्नति कर रही हैं। इनसे भाषाया के अधान पाठशालाओ की शिक्षा उत्तम है और काय नियमित होता है। सनातनधम एव प्रचारिणी सभा के स्वयमेवक जनता की प्रशसनीय सेवा कर रहे है।

बालचन्द सठी

(9)

Marwari Swadeshi Sabha was Organised in Didwana

डीडवाना–गत मास म यहा पर पडित भास्करानन्द जी महाराष्ट्री न आय मारवाडी बन्धुआ के अलावा बरहठु घसराज जी साहिब क उपदेशप्रद व्याख्यान हुय जिसम जनता पर बहुत असर हुआ नाइयो और मोचियो ने शराब पीना छोड दिया है। मारवाड स्वदेशी सभा नामक एक सस्था का भी सगठन हुआ है।

एक मारवाडी

(10)

Literary association in Sojat

साजत–यहा के मिडिल स्कूल की स्था अब म श्री० बाबूरामजी हैडमास्टर हुय है तब स बहुत कुछ सुधरने लगी है। इन्होने विद्यार्थियो की उन्नति के लिय लिटररी एसोसियेशन नामक सस्था भी स्थापित की। इससे विद्यार्थियो म सामाजिक परिस्थिति का ज्ञान व कुछ–2 भाषण करने की शक्ति भी हो गई। परन्तु इन्सपेक्टर जनरल पुलिस न इस शाला का बन्द करने की आज्ञा दे दी है। उक्त काय क कारण हडमास्टर पर भी निगाह रखन का पुलिस को हुक्म दिया गया है।

(11)

Jaswant College s Principal played a role in suppression

जाधपुर–जसवन्त कालज के प्रिन्सिपल साहब करीब 30 वष म शिक्षा विभाग म भी अफसर है। आप की परीक्षा विषयक अनुदार नीति स–जिसक कारण कुछ समय पूव कालज म हडताल हो गई था–मारवाड म उच्च शिक्षा का प्रचार बहुत कम है। कालज का खुल 30 वष हा गय परन्तु ग्रेजुएट निकल है सिफ 40 अपन अधिकार क इतन लम्ब काल म भी देहाती पाठशालाओ का तो शायद ही कभी आपन यहा निरीक्षण किया है। फलोदी क लोगो न कई बार मिडिल स्कूल बनवान की प्राथना की किन्तु कुछ भी ध्यान न दिया गया। जो विद्यार्थी प्राइवट तौर स पजाब युनिवर्सिटी की शिक्षा लेना चाहत है उनक फार्मो पर हस्ताक्षर करन म आप विद्यार्थियो को बहुत तग करत है। कालेज के रीडिंग रूम म इण्डिपेण्डेण्ट जस समाचार पत्रो का आना भी आप नही देख सकते मालवीय जी तक को आपने छात्रो म भाषण करन स विरत कर दिया।

13 अप्रेल 1921 के मारवाड गजट के अनुसार 2 मार्च की रिजेन्सी कौंसिल में यह स्थिर हुआ है कि वृटिश भारत में जो पत्र असहयोग के प्रचारक है उनकी फहरिस्त पोलीटिकल एजेन्ट ने दरबार को कफियत को लिये भेजी है जिसमे हुकौकत वकील बॉम्बे शान्ति कल मजीन्द्र प्रताप के मारवाड में आने की इन्सपेक्टर जनरल ने रिपोर्ट की है अत प० ए2 ए4 व 5 के पत्र मारवाड में जहा कहीं मिले जब्त कर लिये जाये और इनका मारवाड में आना बन्द कर दिया जावे और गवर्नमेण्ट को लिखा जावे कि मारवाड के लिये ये पत्र पोस्ट आफिस में नहीं लिये जाया करें।

एम० डी जन हितैषी

(12)

Ruler feudal relations in Jaisalmer

जयसलमेर

जहा स्वर्गवासी महारावल शालिवाहनसिंह जी की प्रशसा करते हुये प्रजा नहीं थकती वहा उनका एक दुष्कृत्य भी सदा स्मरण रहेगा। जसलमेर में राजमहल के सामने ही ठिकाना मनो की एक विशाल हवेली थी इसी हवेली के स्थान पर महाराज का एक कीर्ति मन्दिर के बनवाने की सूझी और उन्होने इस हवेली का चार सप्ताह के अन्दर ही नष्ट नाबूद करवा दिया। हवेली के स्वामियो ने ए जी जी से दरख्वास्त की ए जी जी ने मौका देखकर महारावल जी की मन मौजी आज्ञा पर खेद प्रकट किया। महारावल जी ने हवेली के मालिको को दूसरा महल देने का वचन दिया। परन्तु वे इसी वर्ष यहा से चल बसे। पूर्व प्रथानुसार एक वर्ष के भीतर स्वर्गीय महारावल जी के शवदाह के स्थान पर एक वर्ष के भीतर भीतर छतरी बन जानी चाहिये थी परन्तु इस वर्ष के बाद भी आज उस स्थान पर फूटा मटकी पड़ा है। पव दिन जब यात्री वहा जाते है तो उन्हे ये फूटी मटकी देखकर शर्म आती है। काल की भी विचित्र महिमा है जो महाराज दूसरा का घर नष्ट करके अपना कीर्ति मन्दिर बनवाना चाहते थे उनके पीछे छत्री तक न बन सकी आशा है वर्तमान नरेश अपने पिता के वायदे का सना वाले सरदारो का मय कीमत हवेली की जमीन देकर अब तो अवश्य पूरा करेंगे और भूत पूर्व नरेश की छतरी भी बहुत शीघ्र बनवा देंगे। पिछली बात की ओर माजी साहिब का ध्यान शीघ्र ही जाना चाहिये। लोकोपकार

(13)

Railway line projected in Jaisalmer

विश्वस्तसूत्र से सम्वाद मिला है। । जसलमेर राज्य में रेलवे लाइन होने की वृटिश सरकार से बातचीत हो रही थी उसका मेंशन मिल चुका देहली से कराची वाया बीकानेर जसलमेर हैदराबाद सिन्ध रेलवे मीटर गेज होगी नाम थी जे रेलवे बीकानेर जसलमेर रेलवे होगा।

Originally it was planned Broadgauge According to Ram Pande s Railways in Rajputana

(14)

Authoritarianism in Jaisalmer

श्रीमान महारावल श्री 108 श्री जवाहर सिंहजी जसलमेर

नरेश की सेवा में –

भगवन् ।

मैं नीचे हस्ताक्षर करने वाला जसलमेर का शुभ चिन्तक दुख के साथ पश्चाताप करता हूँ कि यदुवंशी भट्टी राज्य में इस समय ओवायर शाही और जार शाही का साम्राज्य छाया हुआ है कई प्रकार की भीषण रोमांचकारी घटनायें राज्य में हो रही हैं जो विजय भारतमित्र आदि समाचार पत्रों से भली भांति प्रकट है। अपराधियों को दण्ड न दिया जाकर निर्दोष व्यक्तियों को नाना प्रकार के दुख दिए जाते हैं। जेल की जिल्लत भुगताई जाती है अन्य सुधारों के लिए राज्य में अँधेरा छाया हुआ है सजायाब चोर बदमाश और दिवालिया को राज्य के उच्च पद दिये जाते हैं जिससे सदव न्याय का गला घुटता रहता है। हाल में आपने वहाँ के प्रतिष्ठित वकील श्री सरदारमलजी मेहता को एक राजनैतिक मामले में दस वर्ष की कठिन जेल की अकारण सजा दी है उनके साथ अन्य महानुभावों को भी आपकी दमननीति का शिकार बनना पड़ा है। श्रीमान्। आप जानते हैं महारावल मध जी ने शपथ करके कहा था कि जब तक भट्टी का राज्य रहेगा दीवान राव हमीर के वंशज बनाये जावेंगे तदनुसार स 1946 तक महता नथमलजी आदि होते आए। यदि जसलमेर की गद्दी के हकदार आप हैं तो मंत्री पद के अधिकारी राव हमीर के वंशज होने चाहिए। क्योंकि जिस समय जसलमेर

के राज सिंहासन के लिए जीवन मरण का प्रश्न सामने था जिस मूलराज रतनसी दूदा तिलोकसी आदि के महायुद्ध में जब सारी भट्टी जाति का अस्तित्व मिट चुका था स्वयं नरेश तक के जान के लाले पड़ रहे थे उस समय वीर हमीर के वंशजों ने आत्मसमर्पण कर राज की रक्षा के निमित्त कर लिया था। उस राज्य रक्षक जाति के साथ आपने कुचक्रियों के फेर में पड़ कृतघ्नता का बर्ताव आरम्भ कर दिया है सन् 1904 के अक्टूबर में आपके पूर्व अधिकारी ने मेरे बाहो का सनद हमीर के वंशज महता मघराज को अता फरमाई है। मैं नहीं चाहता कि इस साम्यवाद के नवयुग में हमारे वंशज ही दीवान बनें। लेकिन आपने अपने पूर्वजों की नीति के विरुद्ध उसी वीर हमीर के वंशज इतना उद्धारक व्यक्ति मरलीरमल को आपने रेजीडेन्ट को पत्र लिखने के अपराध में ऐसी स्वेच्छाचारित पूर्ण सजा दी है जो अत्यंत अनुचित है। यही नहीं जब आपके सज्जनदम जैसलमेर के सिंहासन पर आए उस वर्ष आपके भाई बंधुओं से भाटी मोतजी ने हमीर के वंशज विशनसिंह के बन्दूक द्वारा प्राण हरण किए। मुलजिम हाजिर हो गया उस वक्त भी आपने मुलजिम को सजा तक नहीं दी। अब मैं तूमर किसी अभियोग में भारत सरकार का अपराधी होने में पकड़ा गया।

इस असहयोग के जमाने में मन्त्री के लिए कोई जाति अपमान सहना पसंद नहीं करती। मैं भी वीर हमीर का रक्त होने में अपने भाइयों के घावों पर नमक छिड़कवाना अब आगे के लिए स्वीकृत नहीं करता। मैं अहिंसात्मक भावों से प्रेरित होकर आपसे आग्रह करता हूँ कि आप एक महीने के अन्दर इसकी सफाई पेश कीजिये।

आपका
नरसिंह माहता
तारीख 1/3/ 1921

(यह पत्र जैसलमेर दरबार की स्वेच्छाचारिता से तंग आये एक नवयुवक का हो सकता है कि पत्र कुछ आवेश में लिखा गया हो पर जो महाराज प्रजा का लिया ही अन्न खाते हैं उन तक प्रजा के रोने की आवाज पहुँचाने के लिये हो इसे हमने छापना उचित समझा है। सम्पादक।

(15)

Education sacrificed in face of Rani Mahal in Jaisalmer

जैसलमेर राज्य का कालविन हाईस्कूल बनते बनते वर्षों बीत गए पर नई

महारानी के महलों की आलीशान ईमारतें बात की बात म बन गयी। जब जब प्रजा न स्कूल बनाने क लिए आन्दोलन किया जब कारीगरा मिलावटा आदि का अभाव बताया गया इसी नीति के प्रताप स 16 हजार क्षेत्रफल विस्तार वाले राज्य म महाराज और दीवान की संख्या मिलाते हुए साधारण अंग्रेजी जानने वाला की संख्या 5/6 स अधिक नहा है। रानी क महल बनान को कारीगर न मालूम कहा से आ गय । जब राज्य म अनक महल सून पड़े हैं तो रानी की खातिर नए महल बना कर क्या गरीब प्रजा क खजाने का धन भाग विलास क सामा म फूका जाता है। यदि पहिले के भवन ना पसन्द है तो प्रजा क लिए उनका प्रयोग क्या न हो? स्कूल क लिय महाराज ने रुपय अलग रख छोड़ हैं यह बात सुनते आज दस वर्ष बीत गय हुआ कुछ भी नहीं। समस्त प्रजा के लिय एक स्कूल बनाने म भी आना कानी करना न मालूम कर्तव्य की गरी क अधिकारी का क्या शोभा देता है। एक वह समय था कि प्रजा के लिय महाराज रामचन्द्र न सीता सती को बनवास दिया था। एक समय आज है कि रानी क आराम क लिए प्रजा क सुखों का ठुकराया जाकर शिक्षा म सनुता की जा रही है।

ता। समय॥

शिक्षाप्रेमी

(16)

Repression in Tonk

टोंक में भीषण दमन ताजे समाचार

(राजस्थान –सेवा–सत्यद्वारा प्राप्त)

मान्यवर।

टोंक म गिरफ्तारियां अब तक जारी है। टोंक म जाने क लिये माग है अब तर इस बात का प्रबन्ध है कि कोई बाहर का व्यक्ति टोंक म न जान पाव और नगर म भी लोगों का सख्त हुक्म है कि तीन दिन स अधिक अपने यहां किसी मेहमान को न ठहरावें। अखबारों का आना बन्द कर दिया गया है। जिसक पास अखबार देखा जाता है उस गिरफ्तार कर लिया जाता है। मार्ग म दो आदमी भी खड़े हो कर बात नहीं कर सकत। नगर म दिन रात सवारों और पल्टन क सिपाहियों का पहरा रहता है।

क्या बड़ीभाऊ और क्या छोटे साहबजादे सब नगर म गिरफ्तारियों क पक्ष में हैं। महम्मदी और मामली सारे पठान उनके साहबजादे म मानत है।

गिरफ्तारी के समय वे ही लोग ज्यादा पकड़े गये हैं जिन की सत्ताधारियों से या तो किसी प्रकार की अनबन थी अथवा वे जो उनसे कुछ रुपया मांगते थे। गिरफ्तारी के वक्त रुपया भी खूब ऐंठा गया। तलाशी के समय मकान तक खुदवा डाले गये और स्त्रियां बेपरदा कर दी गई मालवी साहब जो उस वक्त टोंक में मौजूद ही न थे आमली नामक कस्बे से जो टोंक से बहुत दूर है वहां से गिरफ्तार करके लाये गये हैं।

ता021 फरवरी को 10 बजे बड़े साहब टोंक तशरीफ लाए। दो दिन तक एकांत में नवाब साहब से बात चीत होती रही। 23 ता0 को वे रजीडेन्ट और वलीअहद को साथ लेकर जेल में गये। आपने जो लोग कैद थे उनसे फरमाया कि तुम लोग बागी हो। लोगों ने उत्तर दिया बिलकुल नहीं। आप पूछने लगे कि माधोवाली पर क्यों इकट्ठा हुए थे?

उत्तर मिला कि गल्ले का इन्तजाम करने के लिये नवाब साहब से अर्ज करने को। इस पर साहब बहादुर निरुत्तर होकर पूछने लगे कि तुम को नवाब साहब की कोई शिकायत है? लोगों ने जवाब दिया कि न पहले थी और न अब है

उसी दिन रात को साहब का नवाब साहब से फिर एकान्त में वार्तालाप हुआ। इसके बाद जो लोग कैद थे उनके घर वालों को बुलवा कर कहा गया कि तुम लोग कैदियों की 500 (500) की जमानत दाखिल करो तो उनको छोड़ दिया जायेगा और यदि जमानत दाखिल नहीं करोगे तो उनको काले पानी भेज दिया जायेगा।

साहब तो नवाब साहब से बात चीत कर के चले गये थे साहब जादा ने ही यह हुक्म सुनाया। और जमानत की कारवाई की थी। जमानत नामे उन्हीं लोगों के लिखवाए गये थे जो या तो साहबजादा के मिलने वाले थे या मिलनेवाला के रिश्तेदार या जिनकी तरफ से माकूल रकम पहुँच चुकी थी।

प्रात काल रात को लिखवाये हुए जमानतनामें खारिज कर दिए गये और उनमें इतनी इबारत और बढ़वा कर दूसरे जमानतनामे तयार करवाये गये कि अब से हम ऐसे अराजकतापूर्ण आन्दोलनों में कभी शरीक नहीं हुआ करेंगे। इस समय हमारी गलती हुई कि जो लोग अब तक कैद हैं उनके बहकाने और भड़काने से हम आन्दोलन में शरीक हो गये। लोगों का अनुमान है कि जो लोग

भेजे गये हैं उनको गवाह बना कर बाकी लोगों पर मुकदमा चलाया जावेगा और इन्हीं की गवाही के आधार पर लोगों को मनमानी सजाएँ दे दी जावेंगी। खास कर उन लोगों को जिनके साहाबजादे तरफदार हैं। 28 तारीख को फिरोजपुर गिरवा कर सब नगर निवासियों को नजर बाग में इकट्ठा किया गया। कैदी लोग भी जंगी पलटन और रिसाले के पहरे में वहां लाये गये। साहाबजादे बली अहद ने खड़े होकर इस आशय की स्पीचदी की बदमाश पार्टी यहां खिलाफत कमेटी कायम कर अमेडापन करना चाहती थी। इसीलिये उनको गिरफ्तार किया गया। उनमें से जिन लोगों ने आगे से ऐसा काम न करने का इकरार कर लिया है व जमानत पर छोड़े जा रहे हैं। शेष को तहकीकात करके पूरी पूरी सजा दी जावेगी। रियासत गवर्नमेण्ट की पूरी वफादार है अतः आयन्दा इस किस्म की कार्यवाई करने वाले को वह सख्त सजा देगी। आपने यह भी कही कि आयन्दा से इस रियासत में दो अंग्रेज रहा करेंगे एक मेम्बर कौंसिल दूसरा सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस।

पूर्व सुपरिन्टेन्डेन्ट ने इस्तीफा दे दिया वे अपना सामान ले जा रहे हैं और शीघ्र ही टोंक छोड़कर जाने वाले हैं। इस्तीफा देने का कारण चाहे कुछ भी हो किन्तु आपने लिखकर यही दिया बतलाते हैं कि नवाब साहब ने माधोवाले की घटना के पूर्व रात को नौ बजे मुझे बुलाकर फायर करने का हुक्म दिया था किन्तु रजिडेन्ट के पूछने पर साफ इन्कार कर दिया। इससे मुझे उनके दिमाग में फितूर और खलल जान पड़ता है अतः मैं ऐसे विक्षिप्त स्वामी की नौकरी नहीं करना चाहता। दीवान मातादीन जो यहां से निकाले गये थे आजकल जयपुर में हैं। कहा जाता है कि रियासत ने इन्हें पांच महीने की छुट्टी दे दी है। तनखवाह बराबर मिलरही है। उनके पास जितने नौकर चाकर हैं सब राज्य के हैं। अब भी राज्य के कामों में उनसे राय ली जाती है। कई आदमी केवल इसीलिये नियुक्त हैं जो जयपुर से तहरीर लाते और टोंक से ले जाते हैं। जब से बड़े साहब आये हैं शहर में दुकानों पर काफी और उमदा गल्ला नजर आ रहा है और भाव भी पहिले से सस्ता है अर्थात उमदा ज्वार 8 सेर व गेहूं अच्छे 6 सेर।

छोड़ दिये जाने वालों के अतिरिक्त लगभग चालीस आदमी इस समय जेल में और कैद हैं। इन में दो एक सरकार के मुखबिर भी हैं।

चारों मेम्बर अलग काल कोठरी में बन्द रखे जाते हैं। मौलवी साहब बारक में बन्द किये जाते हैं। उनसे किसी को बात तक नहीं करने देते और कैदियों

मे उनके रिश्तेदारा तक को नही मिलने दिया जाता जिन जिन लागा पर मुक्द्दमा चलाया जाता है।

(See also Vol one pp 109-110 and Shodhak Vol 8 Pt C)

(17)

Peoples Sammelan was organised by Marwar Hitkarni Sabha

प्रजा सम्मेलन रोका गया।

आज मारवाड हितकारिणी सभा के मत्री के नाम महाराज के प्राइवेट सक्रेटरी रावराजा नरपतसिहजी का पत्र आया है जिसम लिखा हुआ है कि 11 और 12 तारीख को होने वाला प्रजा सम्मलन रोक दिया गया है और सम्बन्धित अधिकारियो के पास इस विषय के हुक्म भेज दिये जावेगें। इस रोक के दो कारण बताए गए हैं। एक तो यह कि स्वागतकारिणी कमेटी की कार्यकारिणी के कई सदस्या के बिना पूछे उनके नाम लिखकर और जुबानी यह सूचना दी है कि उनके नाम बिना पूछे लिख दिये गए और दूसरा यह कि दरबार के पास गावा म गैर जिम्मेवार प्रचार सबधी रिपोर्ट आई है। बिना पूछे नाम लिखने के सम्बन्ध म किन किन न हस्ताक्षर किये यह अधिकारियो ने न लिखित उत्तर मे बताया न श्री आनन्दराज सुराना और जय नारायण व्यास आदि को व जुबानी बताया जो रावराजा नरपतसिह जी और कर्नल विन्धम से मिले थे। हा श्री नरपतसिहजी ने यह जुबानी अवश्य कहा था कि कई जागीरदारो ने कृपका की बहकाने की शिकायत की है यह आम अफवाह है कि बिना पूछे नाम लिखने के सम्बन्ध म जिन लागो ने हस्ताक्षर किये है उनम रायपुर ठिकाने के वकील श्री प्रद्योदानचारण मुखिया है। ये मजे की बात हैं कि चारणजी के स्वागत समिति का सदस्य बनने का आवदन पत्र उनके हस्ताक्षर के साथ रिकार्ड म मौजूद है।

ऐसा भी सुनने म आया है कि श्री धनराजजी वकील बेहा और बेजनाथजी वकील रीया ने भी अपना स्वागत समिति से सम्बन्ध न होना बताया है परन्तु दुर्भाग्य से इनके स्वागत सदस्य बनने के आवेदन पत्र भी मौजूद है और हस्ताक्षर भी है श्री लालचन्दजी अग्रवाल नियमित सदस्य नही बने थे और उनसे बात-चीत करके ही उनका नाम कार्यकारिणी समिति म लिखा गया था।

श्री नरपतसिहजी ने पहिले मि आनन्दराज सुराना से कहा था कि दरबार आज्ञा दे देगें परन्तु बाद मे नामो पर दबाव डलवा कर स्वागत कारिणी की

कार्यकारिणी के सदस्यों को क्या पीटा गया यह रहस्य ही है। बात यह है कि जनता की जागृति अवस्था स्वच्छाचारिता के काम में बाधक होती है। श्री नरपत सिंहजी अब अपनी इकडंडी मय मुकन्द से भी अधिक भयंकर रूप से बजाने को उतारू हो गए हैं।

(See Ram Pande Agrarian Movement in Rajasthan)

(18)

Conditions for opening printing presses in the Jodhpur State

जोधपुर

श्रीमान।

कई लोग कहते हैं कि रियासतें और रईस हमारे हैं। परन्तु जरा निष्पक्ष विचार कर देखिये। पराये अंग्रेजों के राज्य में प्रेसएक्ट जैसे अनियमित कानून के होते हुए भी लोग किसी प्रकार अपने भावों को प्रकट तो कर सकते हैं। परन्तु हमारे कहे जाने वाले राज्यों में क्या हालत है इसका एक नमूना देखिये।

राजपूताने की रियासतों में ख्यातनामा दीवान रा. ब. सुखदेव प्रसाद सी आई ई (जो कि इस समय जोधपुर की रीजेंसी कौंसिल के पोलिटिकल और जुडिशियल मेम्बर हैं) जिन शर्तों पर पुष्करणा ब्राह्मणों को प्रेस खोलने की इजाजत दी है उनमें से कुछ ये हैं। (1) दरबार की आज्ञा बिना कोई अन्य पत्र व पुस्तिकादि न छापे जावें। (2) कोई राजद्रोही साहित्य जब्तशुदा पुस्तकें व पुस्तिकायें तथा रियासत संबंधी कोई भी राजनैतिक सामग्री न छापी जावे। (3) यदि प्रेस अपने यहां की प्रकाशित सामग्रीओं के बदले में बाहिर से कोई चीज लेना चाहे तो उसका नमूना पहिले दरबार को बता देना होगा ताकि दरबार यह देख सकें कि कोई अनिष्ट साहित्य तो मारवाड़ में नहीं आता है। (4) इन शर्तों के विरुद्ध यदि कोई छपाई होगी तो मुद्रक प्रकाशक या मालिक पर 500 रु तक दंड हो सकेगा और शर्त दूसरी के भंग करने पर प्रेस जप्त करने के सिवाय भी जो कुछ दरबार उचित समझेंगे वह सजा भी देंगे।

सम्पादक

(19)

This press cutting is from Rajasthan Sandesh Students were ordered not to bear Gandhi Cap in the institutions but students responded it in more numbers bearing Gandhi Cap

6 अप्रेल को कूच का डंका बजा दो।

जोधपुर में छात्रों की अपूर्व विजय

जोधपुर 4 4 30

जसवंत कालेज के दो विद्यार्थी मनमोहन और भीमराज खादी के वस्त्र पहन कर पढने को जाया करते थे। अतः अधिकारियों की आंखों में ये एक मुद्दत से खटकने लगे। कहते हैं कि गत शनिवार को जब ये लोग परीक्षा देने को कालेज गये तो मि. कावस ने इन्हें ऐसा करने के लिए डांटते हुये कहा– यदि कल फिर कपड़े पहिन कर कालेज में आओगे तो परीक्षा भवन से बाहर कर दिये जाओगे। पर ऐसी निरर्थक बातों को भला वे खादी भक्त कब मानने वाले थे दूसरे दिन अधिकारियों ने देखा कि करीब 20 25 विद्यार्थी गांधी कैप और खादी के अन्य वस्त्र धारण किए हुए खड़े हैं। खादी के विरोधीयों के हृदय में एक दम हड़कम्प मच गई और पराजित हृदय से उन्होंने सब छात्रों को परीक्षा भवन में बैठने की आज्ञा दे दी।।

(20)

Lithargic police administration

पुलिस प्रबन्ध का नमूना

पुलिस की बद इन्तजामी का एक नमूना सन्देश' के पाठक किसी पिछले अंक में पढ़ चुके हैं। अब समाचार मिले हैं कि खास सिटी पुलिस स्टेशन के पास ही पिछले 15 20 दिनों में बीस से ऊपर चोरियां हो चुकी हैं। तिस पर भी दिल्लगी यह कि सन्देह में बेचारे प्रतिष्ठित बनियों को ही हिरासत में रखकर बेंतों से पीटा जाता है।

जानना है। मैं 8 अप्रैल को ही चन्द नेता पर बीमार होने से मुझे मास भर के लिये अपना विचार छोड़ना पड़ा। इस समय भी ऐसी घटनायें हो गई है जो मुझे काय में बहुत सहायक होंगी। यू0 पी0 की सरकार ने साल भर के समय में भी कम्न जल्दी कुमायू और दूसरे स्थानो से बेगार उठाने की प्रतिज्ञा कर ली है। यह बड़ी विजय है। इसमें आल भारत में और भी सहायता मिलने की आशा है इसका सहज ही में पंजाब पर प्रभाव हुआ है। मुझे विश्वास है कि शिमला की पहाड़ियों में से बेगार बिना सत्याग्रह के ही उठ जावगा। सी0 पी0 और सिंध सरकारों ने भी इस ओर पग बढ़ाया है और इसका परिणाम शीघ्र ही मालूम हो जायगा।

भारत में राजपूताना इस बेगार की दासता की दृष्टि से सब से पिछड़ा हुआ है। देसी राज्यों के शासक अपनी प्रजा को और इससे और भी गुलाम बनाते हैं। विश्वस्त लोगों के पत्रों ने मेरे दिल को हिला दिया है मेरे पास डेपुटेशन आये है जिन के सदस्यों ने इस दासता की बुराइयां को स्वय आंखों से देखा है। चाहे यह बात सिद्धान्त रूप में नहीं हो पर इनकी सचाई में सन्देह नहीं हो सकता।

वर्तमान-दासता।

पत्र की निम्न लिखित पंक्तियों का ध्यान से पढ़ने से आशय सहज में समझा जा सकता है।

राज्य का कोई भी नौकर सिपाही तक चमार को बेगार में पकड़ कर ले जा सकता है। गरीब आदमी के अपने काय पर कुछ भी ध्यान नहीं दिया जाता चाहे कितने भी आवश्यक काम में वह लगा हो। लकड़हारा को बिना दाम या बहुत ही कम कीमत पर लकड़ियां के बण्डल के बण्डल दे देने होते हैं। सिपाही लकड़हार को पकड़ ले जाता और लकड़िया रखवा कर बिना दाम ही लकड़ी ले लेता है। घसियारा से भी ऐसा ही किया जाता है। इन्कार या विरोध करने पर भिन्न-2 प्रकार की सजा दी जाती है। गाली तो साधारण भाषा है अपनी जन्म भूमि में मैंने यह सब बातें कई बार स्वय आंखों से देखी हैं।

महात्मा गांधी के मुह से सारे देश के लिये आवाज उठी है वह यह है कि यदि स्वराज्य लेना है तो उसके लिये हममें से प्रत्येक को आत्मशुद्धि का प्रयत्न करना चाहिये। अछूतोद्धार के व्यवहार ने हमें दिखा दिया है कि सार्वभौम भ्रातृभाव के दिन भी आ गये हैं। आत्मशुद्धि के लिये ही मदिरा पान के विरुद्ध आन्दोलन हो रहा है। इसी तरह बेगार और मनुष्य की स्वेच्छा न होने पर बलात्कार से काम कराये जाने की प्रथा के विरुद्ध भी सहज और स्वाभाविक आन्दोलन उठाना ही चाहिये।

तब तक विदेशी शासन से छुटकारा सम्भव नही जब तक कि मनुष्य की इच्छा के विरुद्ध बलात्कार कराने की प्रथा हम मे जारी है। यदि हम जाति रूप म गुलामी से छुट्टी चाहते है तो हम वयक्तिक गुलामी म भी छुट्टी पाने का यत्न करना चाहिये। कुली प्रथा भी एक गुलामी थी जिसका बहुत कुछ अन्त हो गया है। मुझे यह बेगार की प्रथा गुलामी स कम गिरावट करने वाली और पतित बनाने वाली मालूम नही होती।

राजपूताना मे जाच

मुझे बडी प्रसन्नता है कि मै कुछ ही दिन मे राजपूताना जाच के लिय जा सकूगाँ। मैं शान्त न्यायरूप और बातचीत एव परामर्श आदि द्वारा राजपूताने की रियासतो मे स बेगार को सवथा उठा देने का यत्न करूगा। मुझे देशी राज्यो की राजनीति से कुछ भी प्रयोजन नही होगा और न मैं उसम हस्तक्षप ही करुगा। मेरा काय केवल मानवीय दृष्टि स होगा। इसी दृष्टि स मै लोगो का बेगार के विरुद्ध अपील करुगा।

मै जो कुछ भी देखूगा सब समाचार पत्रो म देता रहूँगा।

(24)

Rajasthan Kesari was published from Wardha Has given different incidents Chandkaran Sarda gave a news about C F Andrews visit

राजस्थान केसरी, दिनांक 20 3 1921 अक 19

नवीन चर्चा

1 वर्धा के प्रसिद्ध पूज्य आत्मा भी कद कर लिये गये है।

2 सयुक्त प्रान्त की सरकार न बेगार की कुप्रथा को शीघ्र उठान की घोषणा निकाली है।

3 विनाशकाल विपरीत बुद्धि की सचाई इस समय नौकरशाही की करतूतो स जानी जा सकती है। भारतीय लोग आत्मशुद्धि क लिये शराब पीना छोड रहे ह और सरकार के कारिन्दे लोगो को शराब पीने का महत्व बता रहे ह। वाणिज्य घाटा कम रहे।

4 गत 15 माच को प0 भगवान दीनजी और उनके चार विद्यार्थी नागपुर म कद कर लिये गये हैं। आप पर सिवनी म दिये हुए किसी व्याख्यान क

कारण 124 ए धारा लगाई गई है। अर्जुनलालजी सेठी के भी शीघ्र ही पकड़े जाने की खबर है।

5 हम विश्वस्त रूप से पता लगा है कि ता 6 माच को कोटे में राजपूताने के ए जी जी महोदय से श्री ठाकुर केसरीसिंहजी अपनी शाहपुरा राजाधिराज द्वारा जब्त की गई जागीर के सम्बंध में मिले। सुना है भेंट में देशी राज्यों में सुधार के विषय में भी वार्तालाप हुआ। हम उत्सुकतापूर्ण आशा करते हैं कि ठाकुर साहिब उक्त भेंट का विवरण शीघ्र प्रकाशित करने की कृपा करेंगे।

6 महात्मा गांधी आजकल यहां (वर्धा) ठहरे हुए हैं। सात दिन यहां रहकर उनका विचार मध्यप्रान्त और बरार भ्रमण करने का है।

7 गत सप्ताह वर्धा में श्रीयुत काल का वैराग्य पर और डा0 पारसनाथ तथा श्री पन्नालाल व्यास के असहयोग पर प्रभावशाली व्याख्यान हुए।

8 अजमेर में श्री चांदकरण शारदा मन्त्री राजस्थान-सेवासंघ हार द्वारा सूचित करते हैं कि जैसा कि पत्रों में प्रकट किया जा चुका है श्री सी एफ एण्ड्रूज राजपूताने में बेगार प्रथा की जांच करना स्वीकार कर लिया है। जांच तीन सप्ताह के भीतर शुरू हो जावेगी। किसी महत्वपूर्ण स्थान के न छूट जाने एवं कार्य में सुविधा होने के ख्याल से प्रत्येक राजस्थान निवासी से प्रार्थना है कि वह अपने यहां की इस प्रथा का सविस्तार वर्णन लिखकर दे कि बेगार बिलकुल मुफ्त ली जाती है या कुछ देकर एवं किस जाति से कब 2 और कौन 2 बेगार देता है और क्या 2 ज्यादतियां की जाती हैं आदि। श्री सी एफ एंड्रूज ठि श्री चांदकरण शारदा अजमेर के पते पर तुरन्त भेज दें। प्रत्येक राजस्थानी से आशा की जाती है कि वह इस वर्तमान गुलामी के उच्छेद में सहयोग देकर अपना कर्तव्य पालन करेगा।

वर्णन भेजने वाले महाशय अपना पूरा पता भी अवश्य भेजें ताकि कार्यारम्भ के समय उन्हें आवश्यक सूचनायें दी जा सकें।

(25)

Agrarian Conditions in Karauli

करौली

महाराज।

आपका राज्य राजपूताना के उस कोने में है जहां वर्षा बहुत कम होती है।

फिर भी बद (बाध आपने तालाब बनवाने की ओर कुछ भी ध्यान नहीं दिया है। पुराने महाराजाओं के समय के बने तालाब तथा कुंड नष्ट भ्रष्ट हो रहे हैं। जो दो चार आपने बनवाये भी हैं उनको इन्जिनियर लोगों ने बिलकुल नाम के लिये बनवाया है आपसे रुपया तो दस-दस हजार चार्ज किया है और उनमें मिट्टी निकलेगी पांच हजार रुपये से भी कम की। हम गरीब किसान लोग जैसे तैसे दस पांच बीघा जमीन जोत बो भी लेते हैं तो आपके सूअर हाथ नहीं लगने देते। सूअरों की संख्या एक एक गांव में हजारों की है। आप किसी को इनके मारने की आज्ञा नहीं देते और न स्वयं ही आकर मारते हैं। इन दुःखों से हम लोगों में से बहुत से आपके राज्य को छोड़ कर भाग गये हैं। आपको मालूम होगा कि कितने गांव उजड़े पड़े हैं हमको तहसीलदार तथा थानेदार रात दिन तंग करते हैं उनका सब काम हम लोगों को मुफ्त ही में करना पड़ता है सब लोगों से ये लोग बेगार रात दिन लेते हैं। चमारों से बात-बात में बेगार ली जाती है अतः वे गांव गांव से भाग जा रहे हैं। हम लोग अब आपसे अन्तिम निवेदन किये देते हैं कि या तो आप हमारे कष्टों को बहुत शीघ्र दूर करें नहीं तो हम आपके गांवों को छोड़ कर चले जावेंगे। आपको अपनी रयत की ओर ध्यान देना चाहिये क्योंकि आपको हमारे कष्ट दूर करने को ही राजा बनाया है। आप स्वयं विद्वान होते हुये हमारे कष्टों की ओर ध्यान नहीं देते हैं। अब बेगार बन्द हो जानी चाहिये।

किसान

(26)

Awakening in Dholpur

धौलपुर

बृटिश भारत की जागृति से रियासतें भी अछूती नहीं हैं और रियासती जनता में जागृति के चिन्ह दिखाई देने लगे हैं। अतएव धौलपुर के कितने ही गांवों में ग्राम पंचायत एवं सेवा समितियां नियत हो चुकी हैं जिनके कारण कचहरी और पुलिस के भूतों की जेबें ठंढी रहने का अन्देशा है। अतः इधर पुलिस ने ग्रामीणों को डराना धमकाना प्रारम्भ किया और इधर रियासत के उच्च कर्मचारियों में इसकी यह रिपोर्ट सुनकर नौकरशाही का आसन हिल गया और उसके प्रमुख खान बहादुर काजी अजीजुद्दीन अहमद साहब जुडीशल सेक्रेटरी ने हाल ही में ग्राम पंचायतों के संस्थापक रजौरे के प्रसिद्ध ठा० गर्जासिंह को अदालत में बुला कर खूब डांट बतलाई और पुलिस को गिरफ्तार करने की आज्ञा दे दी। जमानत लेने के लिये बहुत कुछ प्रार्थना की यहां तक कि पचास हजार की जमानत देने को कहा गया लेकिन कुछ

नतीजा न निकला और बिना किराये के घर म ठूस दिये गये । *13 अप्रेल को पेशी* नियत करनी गई । अन्त म श्री महाराजा साहब की विशेष आज्ञा से 200 की जमानत लेकर दो तीन दिन बाद छोड गये 13 अप्रेल को पेशी भी हो गई शायद आज पुलिस सबूत न जुटा सकी इस लिये आज मुकदमा मुल्तवी रक्खा गया और पेशी की तिथि बढ़ा दी गई । दखें अगली पेशी पर क्या होता है । लेकिन इस म सदेह नही कि सत्ताधिकारियो की सत्ता इस प्रकार बजाये मजबूत होने के खोखला हुये बिना नही रह सकती और न नौकरशाही के तेम इस लोकमत का कुचल सकत हैं ।

सम्वाददाता

(27)

Population in Bundi in 1921

बूदी

नायब दीवान घन लाल जी नाजिम हीडोली बनाये गये है । हीडोली की प्रजा पहिले ही पीडित है अब इन महादयालु के पहुचने पर न मालूम क्या हाल होगा ? आप दरबार के हुक्म का तामील फौरन करते है किन्तु दरबार यह नही जानते कि वह होती किस प्रकार है । शायद इसी गुण से आप थोडे ही दिनों म दीवान भी हो जायेगे । सन् 1911 की मदुम शुमारी मे राज्य की जनसख्या *218730 थी परन्तु इस वर्ष वह 187068 ही रह गई ।*

बूदीवासी

(28)

Legislative Council in Jhalawar

झालावाड नरेश का वह भाषण हम मिला है जिसम नरेश ने अपने राज्य म व्यवस्थापिका सभा स्थापित करने की घोषणा की है । इसका खुलासा किसी अगले अक म करेगे । यहा इतना कह देना आवश्यक है कि हम आशा है कि यह सभा बीकानेर नरेश की सभा की सी न होकर लोकमत का आदर करेगी ही ।

(29)

Low paid Government servants in Mewar in 1921

मेवाड ।

सुनते है रियासत का नया बजट बनने वाला है । राज्य का काम पहिले की अपेक्षा बहुत बढ गया है किन्तु अमला अभी तक उतना ही है जितना 50 वर्ष पूव

था। बजट बनाने वालो का इस ओर ध्यान जाना अत्यावश्यक है। दूसरी बात यह है कि कर्मचारियों का वेतन इतना कम है कि उससे कुटुम्ब का निर्वाह नहीं हो सकता। खास कर इस महंगी के जमाने में तो असम्भव है। इस हालत में भी कोई ईमानदार रहते हुए राज्य की सेवा करता है तो भी उसे न तो कभी इनाम मिलता है और न तरक्की। पेंशन फंड के लिये फातेदारी[1] काट ली जाती है परन्तु पेंशन किसी को नहीं मिलती।

एसी परिस्थिति में साधारण मनुष्य का मन रिश्वत खोरी और गबन की ओर कैसे न झुके। वेतन की कमी का केवल एक उदाहरण आपके सामने रखता हूं। थानेदारों का वेतन 20 से 30 रुपये मासिक तक है। अब उनका कम से कम खर्चा देखिये। एक घोड़ा जो उन्हें रखना पड़ता है उसका दाना [illegible] रुपये का घास 3 रु का साईस जो थानेदार का भोजन भी बनाता है उसकी तनखवाह 6 रु थानेदार व साईस का रोटी खर्च 15 रु जो वेतन मिलता है वह तो चला जाता है। अब खुद के लिये कपड़ा व कुटुम्ब का सारा खर्च कहां से आवे? यही हाल सब महकमों के सब कर्मचारियों का है इसलिए यह स्पष्ट है कि कर्मचारियों का गुजारा एक मात्र रिश्वत खोरी से चल रहा है और यही कारण है कि प्रजा रिश्वत के मारे तबाह है अतः एव दरबार से प्रार्थना है कि इन बातों पर ध्यान दें और प्रजा की रक्षा के नाम पर नये बजट में कर्मचारियों का वेतन काफी बढ़वा दें एवं तरक्की व पेंशन का उचित प्रबंध करवा दें। और इसके बाद भी यदि किसी का रिश्वत लेना मालूम हो तो रिश्वत खोर को ऐसा दण्ड दें कि सुनते ही दूसरे कांप उठे और फिर किसी की हिम्मत न हो।

(30)

State of education in Mewar

मेवाड़–

उदयपुर मदरसा व अस्पताला के लिये राज्य प्रजा से ढाई लाख रुपये वसूल करता है परन्तु खर्च केवल एक लाख किया जाता है। शेष रकम घर गोनक में माना इन दोनों विभागों में खर्च करने की आवश्यकता ही नहीं। संपूर्ण राज्य में केवल एक ही स्कूल उदयपुर में ही है इस मदरसे में केवल स्थान 200 विद्यार्थियों के लिए है किन्तु भरे हुए हैं भेड़ बकरियों की तरह 500 मूलन कुछ भी इन्तजाम नहीं हो सकता। बेहद शोर होता है न तो मास्टर पढ़ा सकते हैं और न लड़के पढ़

करते हैं। उदयपुर में बाहिर के विद्यार्थियों के लिए एक भी बोर्डिंग हाउस नहीं। शिक्षा की यह दशा होते हुये भी इसी निमित्त प्रजा से वसूल की हुई रकम शिक्षा में खर्च नहीं की जाती। उधर महाराणा साहिब अपनी स्वास्थ्य रक्षा व शौक पूरा करने पर लाखों रुपया वार्षिक शिकार में खर्च कर देते हैं। हजारों मनुष्यों व पशुओं को साथ लिये साल में छः महीने उक्त हेतु से दौरे में ही बिताते हैं। किन्तु विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट फुटबाल आदि खेलों का भी इन्तजाम नहीं किया जाता। श्री० प० गोपीनाथ जी आप बड़े योग्य पुरुष हैं और शिक्षा सुधार की ओर उनकी रुचि भी है परन्तु न मालूम क्यों महाराणा साहिब उनसे नाराज हैं। उदयपुरी बनेड़ा-मेवाड़ में यह बहुत बड़ा ठिकाना है। इसकी जनसंख्या 26000 और आय डेढ़ के लगभग है। महाराणा की ओर से यहां के राजा जी को दीवानी फौजदारी के कुछ अधिकार प्राप्त हैं। इन्हीं अधिकारों के बल पर प्रजा पर कई तरह के जुल्म किये जाते हैं। सं० 1968 (1911) में यह नया रिवाज निकाला गया कि किसी के घोटले में किसी के चोट आ जाय और वह दरख्वास्त कर [illegible] 11) जमा न कराए कोई सुनवाई नहीं होती। सं० 1978 (1921) से कोई आदमी मुकदमा पेश करता है तो उससे तलबाने के रु० पहिले ही वसूल कर लेते हैं। सं० 1960 (1903) में फी रुपया गाड़ी किराये में इसलिए वसूल किया जाने लगा कि स्टेशन तक सड़क बनवा दी जायेगी परन्तु सड़क बनना तो दर किनार शहर के रास्तों में भी घाट पत्थर नहीं लगाये जाते। पानी का कुछ भी इन्तजाम न होने पर भी परवाह टैक्स वसूल कर लेते हैं। पुलिस भी कायम की गई पर यह एक नई आफत खड़ी हुई है। हलवाई कोतवाल का मामला इसका प्रमाण है। किराना में आधा आना फी रुपया शफाखाने के लिए वसूल किया जाता है परन्तु उन्हें दवाई देने का कुछ भी इन्तजाम नहीं। महाराणा की आज्ञा न होने पर भी शराब के ठेके दे दिये गये हैं। शिक्षा की ओर कुछ भी तवज्जु नहीं है। पाठशाला के दो चार मास्टरों को छोड़ कर शेष को शुद्ध उच्चारण भी नहीं आता। पुस्तकों के दाम दुगने लिए जाते हैं। स्कूल सुपरिन्टेन्डेन्ट कुछ निगरानी नहीं करते। क्यों करने लगे? उनके लड़कों की पढ़ाई तो घर बैठे मुफ्त में हो हो जाती है।

एक विद्यार्थी

(31)

Bhoi caste was allowed to bear turra in marriage on their bride grooms and Dhobi caste was allowed to eat Gur sweats

मेवाड़

उदयपुर–चन्दनमल सुखवान ने जो अभी देश में घूम कर आया है कुछ दिन पूर्व अम्बावगढ़ पर हिन्दू मुसलिम ऐक्य पर कुछ भाषण किया । पुलिस ने उसे ऐसा करने से रोक दिया और पाच चार दिन तक पूछ ताछ से तग करती रही । उस पर यह भी शक किया गया कि वह विद्यार्थियों को विजयपदक न लेने को उभारता है ।

पुलिस ने विवाह के अवसर पर भोईयों को तुर्रा बाधने से रोक दिया और धोबियों को गुड़ का पकवान खाने से रोक दिया । दोनों जातियों ने असहयोग के अस्त्र का सहारा लिया । भोईयों ने जल भरना व धोबियों ने कपड़े धोना बन्द कर दिया । दरबार साहिब से लेकर साधारण कर्मचारी तक को इन लोगों की माग मालूम हो गई । परिणाम यह हुआ कि महाराणा साहिब ने भोईयों को तुर्रा बाधने व धोबियों को गुड़ खाने की इजाजत दे दी । किसको सराहें महाराणा साहिब की उदारता को या असहयोग की अमोघता को ?

(32)

Sethi and Pathik impressed on responsible administrative Government

"राजस्थान केसरी"

रविवार स 1977 ता 13 3 1921 अक 18

'नवीन–चर्चा'

ऊपरमाल पचवाड़ बिजोलिया के मंत्री मणिकलाल जी का पत्र हमें मिला है । पत्र देर से मिलने से पूरा नहीं दिया जा सकता । सारांश यह है कि श्रीयुत सेठी जी के बिजोलिया में कई एक व्याख्यान हुए । जनता को उत्तरदायी शासन की आवश्यकता आपने खूब समझायी । आपके सत्सग से अधिकारी लोग कुछ समझौते के लिये तयार हो गए है । बीच में श्रीयुत पथिक जी अध्यक्ष राजस्थान सेवा सघ और श्रीयुत अर्जुनलाल जी सेठी इसी समझौते के लिये ठहरे हुए हैं ।

(33)

No vakil for Moti Lal Tejawat

फिर मोतीलाल तेजावत

श्री मोतीलाल तेजावत के मुकदमे के सम्बन्ध में विचित्र समाचार आए हैं। कहा जाता है कि उनके अल्पज्ञान से लाभ उठा कर गिरवा हाकिम चुपचाप उनके मुकदमे की कार्यवाही कर रहे हैं उन पर डकैती चोरी आदि जैसे अभियोग लगाए गए हैं। फिर दिलल्गी यह कि उनके बचाव की कोई व्यवस्था नहीं। न कोई योग्य वकील दिया गया है न उनकी पसन्द का कानूनी सलाहकार। यदि ये बात सच हैं तो कहना पड़ेगा कि मेवाड़ राज्य में अधमता की हद होने लगी है। क्या हम आशा करें कि उच्च अधिकारियों का ध्यान इस अन्धा धुन्धी की ओर जायगा ?

(34)

High handedness of Hakim

रा० केसरी में हाकिम की शिकायतें प्रकाशित होने से उनके दूर करने के स्थान में हाकिम ने प्रजा के साथ और भी क्रूरता का बर्ताव करना शुरू कर दिया है। गुप्त रूप में उसने प्रबन्ध किया है कि कृषक व अन्य बेगार देने वाली जाति कहीं इकट्ठी न हो सके। हाकिम के ही स्वभाव का यहां का डाक्टर हसराजपुरी भी है। उसने बिला कसूर नाथूलाल मोतीलाल जातमल पावरणा व नाथूलाल माल्ह को शफाखाने में जूतों और घूसों से बुरी तरह पीटा। महकमा खास ने इस घटना के संबंध में ठव कजोड़ माली व नारायण दरोगा मुलाजिम तहसील की तलाशी कहा है व भंडारी चन्दन राज को घर बैठे 12 महीने का वेतन किस हुक्म से दिया गया इस संबंध में हाकिम से पूछें तो उसे पता लगे कि हुकूमत किस खूबी के साथ की जा रही है।

मेवाड़ी युवक

(36)

Bad Officials

भीलवड़ा—हाकिम के यहां न रहने से कर्मचारी प्रजा को बुरी तरह लूट रहे हैं। *उनकी भेंट पूजा न होने सकने पर जेल हवालात और डंडा बताते हैं।* रात को भले घरों की स्त्रियों तक पर ये लोग अपने दलालों द्वारा गलब चहाते हैं। क्या हाकिम साहिब की योग्यता का परिचय हमें इसी रूप में मिलेगा।

प्रत्यक्षदर्शी

(36)

Bijolia Movement—Ladies Reactions

"नवीन राजस्थान

Rajasthan Kesari was Published from Wardha while Navin Rajasthan was started by B S Pathik from Ajmer

रविवार ता0 20 अगस्त 1922 ई0

श्री साधु सीताराम दासजी की धर्म यात्रा
श्रीमती रामकुवंरि देवी का पत्र

Arrest of Sadhu Sitaram Dass his wife writs to the editor her reactions

इस सप्ताह मुझे श्री साधुजी की गृहिणी का निम्न पत्र मिला है।

इस पत्र पर टीका टिप्पणी की आवश्यकता प्रतीत नही होती। यदि इसी प्रकार सब राजस्थानी देवियां राजस्थान के गौरव और अपने कर्तव्य का ध्यान रखने लग जायें तो राजस्थान के उद्धार का दिन बहुत निकट आ जाय।

—वी0 एस0 पथिक

सम्पादक महोदय।

बिजोलिया
9 8 22

पूज्यवर।

आज भगवान की कृपा से मुझे भी वह शुभ दिन मिला है जिस के लिये बहुत सी देश की बहिनें आसरा देखा करती है पहले राजस्थानी बहिनें भगवान से यह प्रार्थना किया करती थी कि हमारे पतियों को किसी लड़ाई में जस मिले और वे संग्राम मे काम भले ही आ जावें पीठ नही दिखावें। दुर्भाग्य से राजस्थान के लिए वह दिन नही हैं पर फिर से हम यह इच्छा तो कर ही सकती हैं कि हमारे स्वामी जब किसी दुःख में पड़े तो देश या धर्म के लिए पड़ें। मेरे स्वामी को यह तीसरी बार धर्म और देश के लिये जेल पधारने का अवसर मिला है। इससे बढ़कर मेरे लिए खुशी का दिन कौन सा हो सकता है।

आपने मेरे घरगीरी के बाद यहाँ के काम करने वाला का लिया है। मेरा निवेदन है कि मेरे लिए आप कोई चिन्ता न करें। स्वामी के फिर छूट कर काम आरम्भ करने तक मुझ से जो कुछ बनेगा उनके छोड़े काम की पूर्ति में लगी रहूँगी और नियमित रूप से चरखा कातना और प्रचार का काम करूँगी।

मेरी सिर्फ एक ही इच्छा है और वह यह है कि भगवान हम से देश के लिए तकलीफ सहन और देश की सेवा करने की ज्यादा से ज्यादा शक्ति दे।

शुभचिन्तिनी
राम कुँवरि साधु

(37)

Duke of Canaught passed through the territory of Kota
Police caught persons from Kherabad fair gathering.

कोटा।

महाशय।

गत 19 फरवरी को खेराबाद में माताजी का मेला था। दूर 2 से सैकड़ों यात्री आये हुए थे। दुपहर के समय पुलिस के सिपाहियों ने मेले में कुहराम मचा दिया। इन लोगों ने जिसे चाहा-चाहे वह व्यापारी कृषक मजदूर या कोई हो-पकड़ कर थाने में भेजना शुरू कर दिया। जो थोड़ासा भी इन्कार हुआ उसे सिपाहियों ने बुरी तरह पीटा। मार से कई बेहोश हो गये एक के दाँत टूट गये और एक रेल्वे खलासी मजदूरों का मारे बदन मार से सूज गया। सब पकड़ धकड़ और मारपीट का कारण केवल यही था कि 20 फरवरी को कनाट के ड्यूक कोटा राज्य में होकर रेल द्वारा गुजरने वाले थे इसलिये रियासत ने अपनी राजभक्ति दिखाने का यह इन्तजाम किया कि अपनी हद में रेल्वे लाइन के दोनों ओर पच्चीस 2 ताम 2 कदम पर रेल्वे लाइन व ड्यूक की रक्षा के लिये रक्षक खड़े कर दिये जायें। ऐसा हो भी गया पहिले खबर थी कि ड्यूक की स्पेशल रात को निकलेगी इस लिये राज्य ने हरेक आदमी के हाथ में जलती हुई मशाल देने का प्रबन्ध किया था। किन्तु बेचारे ड्यूक के भाग्य में एक भारतीय और क्षत्रिय नरेश की 30 मील लम्बी विचित्र रोशनी द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली राजभक्ति का परिचय पाकर दिल ठण्डा करना बदा नहीं था। स्पेशल दिन को ही निकल गई।

(38)

This article points out the conditions prevailing in Kota State A tussel between Kunwar and Dewan of the State is visible Dewan is requested to establish Gram Panchayats

देसी राज्य

(कोटा राज्य (लेखक सत्यवक्ता)

जागीरों की प्रजा बहुत त्रस्त है शिक्षा व सुधार का वहा नाम भी नही है। पंचायतो की भी वही दशा है क्योकि आप समझते है कि सुधार होने से जागीरदारो की स्वच्छदता व निरंकुशता मे बाधा पड़ेगी।

आपके ही समय मे पुलिस के अधिकारियो ने एक कत्ल का फर्जी मामला बनाया और उसको हर प्रकार से साबित करने के प्रमाण एकत्रित कर लिये परन्तु सजा मिलने मे पहिले ही मकतूल जिन्दा हाजिर उपस्थित हो गया। इस अभियोग मे जालसाजों को कोई दण्ड नही दिया गया क्योकि उसमे कुवर साहब भी दोषी थे आप कोटा दरबार को यत्र तत्र लेकर शिकार खेलने फिरते है जिसमे आदमी घायल होते है और मारे भी जाते है। बिचारे दीन किसानो को घोर कष्ट दिया जाता है जिन को कभी पेटिया मिलता है और कभी नही। जान जोखम मे तो रहती ही है। हाको के आस पास शेर और दूसरे जगली पशु मवेशी और खेतो का सत्यानाश करते हैं। अभी असनावर के पास शेर ने हाका खेलते समय एक ग्यारसीराम नामक मनुष्य को मार डाला। और दो आदमियो को घायल किया परन्तु शिकार खेलना बन्द नही होता और न शिकार क्षेत्र ही न्यून किये जाते है।

इस प्रकार कुवर साहब ने दरबार पर अपना प्रभाव जमा लिया है क्योकि आप की लालसा दीवान के पद पर नियुक्त होने की है इसी कारण वह लेख यह भी आपही के इशारे मे लिखा प्रतीत होता है।* पहले कोटा दरबार राज्य व प्रबंध मे कुछ भी हस्तक्षेप नहीं करते थे परन्तु अब नुकसान होने से राज कार्य मे दखल देने लगे है मास्टर शिवप्रताप के न रहने से ऐसे लोगो को दरबार को बहकाने का अच्छा मौका मिल गया है। उस लेखक के लेखानुसार कोटा दरबार बुद्धि व

* (It is not known what this lekh was in detail ?)

वासना का अनगल और अव्यवस्थित दशा म चरिताथ करन लगे। ठीक ही ह जिमस कोट का बच्चा 2 परिचित ह। कभी 2 ता वृद्ध और अनुभवी दीवान की बाता तक को काटने लग हैं। इस कारण राज प्रबध भी बिगडता जा रहा ह जिसका फल दीवान को भुगतना पडता ह।

कुवर साहब न रेवयु कमिश्नर क अयोग्य लडके को जिस दीवान साहब साधारण पद दने थ अपनी मानसा की पूर्ति क लिय पुलिस म सब इन्सपेक्टर बनवा लिया और इस अहसान क प्रतिफल म कमिश्नर साहब को अपन पक्ष म कर लिया। कोटा राज्य क विषय म राजस्थान केसरी म जो लख निकला ह उसक लेखक ने मिथ्या भ्रमात्मक और पक्षपात पूण लख लिख कर कोट की प्रजा को बहुत बडी हानि पहुचाने का प्रयत्न किया ह। हम दीवान साहब क पक्षपाती नहीं ह और न उन क लडक का ही दीवान हाना अच्छा समझत ह। परतु दीवान सा० ने अपन लडके या बुनाकर ऐसा कानसा अपराध किया ह जब कि तमाम अधिकारियो न अपन अयोग्य रिश्तदारो स कुल महकम भर रख ह। दीवान सा० के पुत्र प० विश्वभर नाथ एम ए ह और मममम म डिप्टी कलेक्टरी क लिय माग गय ह। यहां पर उन का प्राइवेट सकट्री बना दना उन क साथ कोई अहसान करना नही ह। जब कि हम देखते ह कि यहा पर उन्हा क हम रतबा औहदे पर पजाब क एक हड कानस्टबल जनरल सुपरिन्टेन्डेंट पुलिस और पटवारी असिस्टेण्ट रेवयू कमिश्नर व कमिश्नर बने हुय ह ऐसी दशा म दीवान साहब क प्राईवेट सक्रेटरी सा पर आक्षेप करना किसा खास षड्यत्र का द्यातक ह।

इस लख स यह भी भली भाति विदित हो जायगा कि कुवर सा कहा तक दीवान के पद क याग्य ह। और कोटा राज्य की तबाही मे कहा तक उन का हाथ रहा ह। इन का दीवान हो जाना प्रजा व राजा दोन ही के लिए अहित कर ।

परिशिष्ट म यह कहना भी अनुचित न होगा कि अब समय एक तत्र का नहा ह इसलिय दीवान साहब को चाहिय कि ग्राम पचायत प्रथा जारी कर क एक प्रबध कारिणी कौंसिल स्थापित करें जिसम प्रजा के निर्वाचित व योग्य नामिनेट मम्बर लिये जाव। अपने पुत्र को दीवान बनाकर अपनी कीर्ति कौमुदी को मलीन न होन दें।

कोटा दरबार स भी निवेदन ह कि जागीरदार व प्रजा के हित भिन्न 2 होन स राज की बागडोर जागीरदारो के हाथ म नही सौंप इसस प्रजा पर बहुत अत्याचार

होगा और प्रजा म घोर असन्तोष व आदोलन बढेगा। श्रीमान को सदव प्रजा के हिता का ध्यान रखते और अपने उत्तरदायित्व का समझते हुए अपनी स्थिति को का सुधारने का प्रयत्न करना चाहिय। कोई एसा काय न करें जिससे अपनी व राज्य की कीर्ति म बट्टा लग।

(39)

Begar and Bonded Labour in Kota State

कोटा राज्य मे बेकार

ता 19 जून के राजस्थान केसरी म कोटा राज्य म बगार सम्बधी लख निकला ह उसम यह बतलाया गया ह कि प्रजा की ओर स बगार बन्द करने के विषय म कोई प्रयत्न नही किया गया। बाबू किसन सहाय साहिब अपन दौरे म बगार का अनुभव करके बेगार बद कराने का प्रयत्न कर रहे हैं इत्यादि इस लख का उत्तर दना अत्यन्त आवश्यक ह बाबू किशन सहाय प्राय 30 वष से इस रियासत मे मुलाजमत कर रहे ह। आपने इस 30 साल की मुलाजमत म आज तक एसा सराहनीय काय करन का कभी प्रयत्न नही किया। बाबू साहेब प्रति वष दौरा करते ह और करते रहे हैं और प्रत्येक दौर म बेगार का अनुभव करते रहे ह परन्तु बाबू साहेब न इनने वष पहिल रिपोट नही की और आज रिपाट कर रहे ह इसका कुछ कारण भी लेखक महाशय बतना देते तो अच्छा होता। प्रजा ने बेगार के सम्बध म कोई आन्दोलन नही किया यह नितान्त मिथ्या व निमूल बात है। आज कई मास म समाचार पत्र म कोटा के बगार सम्बधी आन्दोलन क समाचार निकल रहे है फिर यह कस कहा जा सकता है कि प्रजा न कोई आन्दोलन नहा किया हम यह कहते है कि बाबू साहब ने बगार बन्द हाने के विषय मे कोई प्रयत्न नही किया। बेगार यद्यपि प्रजा की दरख्वास्त पर ही रियासत कृपा करके बद कर रही है तथा जब बाबू साहब यश के भागी बन रहे है तो इसम हमारा नुकसान ही क्या है।

(40)

Unqualified officers in Engineering Dept of the Kota State

कोटा—राज्य का इन्जीनियरी विभाग बहुत ही त्रुटिपूण हो रहा है। इसका कारण इस विभाग के अफसरो की अयोग्यता ही है। यद्यपि वह इन्जीनियरी की परीक्षा पास नही है तथापि केवल अग्रेज होन स ही उन तनख्वाह दी

जाती है नीवान साहिब मे भी ज्यादा । मामूली इमारत भी वर्षो तक खतम नही होती और एक इमारत पर तो 2 ठेकेदार बदल जाते है । इन्जीनियर के बेढंग तरीका से योग्य ठेकेदार नहा मिलते । राज का धन व्यर्थ जाता है । इससे अच्छा तो यह हो कि भिन्न–2 विभाग अपने 2 आवरशियर रखकर जरूरत के मुआफिक इमारत बनवा लें । कोटा वासी–

(41)

About Jagirdar Association

14 फरवरी के दैनिक प्रताप म किसी सज्जन ने कोटा के जागीरदार–एसोसिएशन पर कुछ अनुचित आक्षेप किये है । आपेक्षक ने ऐसोसिएशन का कूट उद्देश्य अन्य प्रान्तीयो का निकाल बाहिर कर के राज्य म कौंसिल स्थापित करने और उसम सर्वाधिकार अपने हाथ म लने का बताया है । उक्त कल्पित उद्देश्य के उत्तरार्ध के विषय म तो प्रजा भी सशंक है । वह नहीं चाहती कि राज्य की भाग्य विधात्री कौंसिल यदि बने तो उसमे केवल जागीरदार उमराव ही सब कुछ बन बैठ प्रत्युत उसम प्रजा द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियो का बहुमत हो । किन्तु उद्देश्य के पूर्वार्ध की बात नितान्त निराधार है । अभी तक कोई ऐसा उदाहरण प्रत्यक्ष नही हुआ है । ऐसी दशा म परप्रान्तीय एवं राज्यनिवासियों में इस प्रकार के विवरणों के प्रकाशन से मनोमालिन्य का बीजारोपण करना कभी अच्छा नही कहा जा सकता । इसके अतिरिक्त द्वेष रहित होकर अपनी योग्यता के बल पर यदि राज्यनिवासी यह चाह भी कि शासन के सब अधिकारो पर हम ही हो तो इसमे बुराई कौनसी है ?

(42)

Rajasthan s role in the Indian freedom struggle This is written by Jagdish Prasad Deepak

भारत के स्वातन्त्र्य संग्राम में राजस्थान का भाग

तीसरा दौर १९१९–१९२२ ।

प्रश्न १४ एम० विभाग ऐ द्व १९१९–१९२२ ।

सितम्बर १९२० में जब श्री रामनारायण चौधरी वर्धा म एक स्वदेशी भण्डार चला रहे थे कलकत्ते की कांग्रेस से लौट कर पथिक जी से प्रथम मिलन यहां हुआ । इसके परिणामस्वरूप दोनो ने मिलकर पहले तो देशी राज्यो की प्रजा का प्रथम मुखपत्र

साप्ताहिक राजस्थान केसरी निकाला। श्रीमान पथिक जी उसके सम्पादक और चौधरी जी प्रकाशक और सहायक सम्पादक थे।

नवम्बर १९२० म पथिक जी और चौधरी जी न राजस्थान सेवा सघ की स्थापना की। पथिक जी उसके अध्यक्ष और चौधरी जी उसके मन्त्री थे। बिजोलिया का किसान सत्याग्रह आन्दोलन जो पिछले चार साल से अकले पथिक जी के नेतत्व म चल रहा था अब सघ के सामूहिक नतृत्व म आगया।

